# राजधानी में हुई चोरी की घटना में शामिल दो चोर गिरफ्तार

## चोरों के पास से 5 लाख रुपये की कीमती आभूषण बरामद



**स्वतंत्र चेतना, रुदौली।** जिले की रुदौली कोतवाली पुलिस टीम के हाथ एक बड़ी सफलता लग गई। बस में रेकी कर पूरे प्रदेश में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो शातिर चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिनके पास से पुलिस ने लगभग 5 लाख रुपए के कीमती आभूषण भी बरामद करने का दावा किया है। सीओ आशीष निगम ने बताया कि जिले की स्वाट सर्विलांस टीम की मदद से रुदौली कोतवाली पुलिस ने ये कामयाबी हासिल की है। एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने घटना का खुलासा करते हुए बताया की 30 नवंबर को कोतवाली रुदौली क्षेत्र के भेलसर गांव की रहने वाली सिदरा पत्नी मोहम्मद फरहान अपने घर से कानपुर अपनी बहन की शादी में जा रही थी कि लखनऊचारबाग बस से कानपुर जाने वाली बस में बैठकर थोड़ी ही दूर पहुंची थी कि पीछे बैठे एक व्यक्ति ने बताया कि आपका बैग खुला हुआ है तो महिला ने बताया –कि मेरे बैग में ताला लगा हुआ है फिर महिला ने पीछे मुड़कर बाग देखा तो बैग कटा हुआ था बैग में रखे सोने व चांदी के जेवरात गायब थे। जेवरात की कीमत लगभग 5 लाख रुपए बताई जा रही थी। इसके संबंध में महिला द्वारा जनपद लखनऊ के थाना कोतवाली नाका में अभियोग पंजीत कराया था। राजधानी क्षेत्र में हुई चोरी की इस घटना का एसओजी/सर्विलांस टीम के साथ अयोध्या व रुदौली की पुलिस टीम ने रविवार की रात्रि चेकिंग कर रही थी तभी शातिर चोरों के संबंध में सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही रुदौली कोतवाल संजय मौर्य, अमरेश कुमार त्रिपाठी प्रभारी स्वाट टीम के साथ कोतवाली क्षेत्र के फिरोजपुर पवारान मोड के पास से दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पास से दो गले का हार सोने का, एक सोने की ब्रेसलेट, पांच सोने की अंगूठी, सोने का एक जोड़ी कान का झुमका, एक लकेट सोने की मंगलसूत्र, एक जोडी पायल चांदी व चांदी का एक जोड़ी बच्चों के हाथ का कड़ा बरामद हुआ है। घटना का खुलासा करते हुए एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने बताया कि महिला के चोरी हुए सभी सामान शत प्रतिशत बरामद हुए हैं। आरोपियों की पहचान वकील पुत्र शकील निवासी मानकपुर चौकी मंडी थाना कोतवाली देहात जनपद बुलंदशहर व सलाउद्दीन पुत्र स्वजलाल खां निवासी पिपेरा थाना जहांगीरा बाद जनपद बुलंदशहर के रूप में हुई है। पकड़े गए दोनों आरोपी बस में आने जाने वाले यात्रियों को मौका पाकर उनके साथ रेकी कर उनका जेवरात,समान पैसे गायब कर दिया करते थे। जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा जा रहा है एवं अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर किया रक्तदान



**स्वतंत्र चेतना, अयोध्या।** कांग्रेस पार्टी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा यूपीए की चेयरपर्सन सोनिया गांधी का 78वां जन्मदिन कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया।

इस अवसर पर कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित रक्तदान शिविर में जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष अमीरु, फैजान खान तथा राजन यादव ने रक्तदान किया। तथा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष शिव पांडे के नेतृत्व में केक काटा गया। कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव तथा संचालन महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने किया। जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोनिया गांधी को त्याग और साह्नी की प्रतिमूर्ति बताते हुए कहा यूपीए की सरकार बनने पर सोनिया गांधी आसानी से प्रधानमंत्री बन सकती थी पर वे ना ही सरकार में शामिल हुई और ना ही अपने पुत्र राहुल गांधी अथवा प्रियंका गांधी को मंत्रिमंडल में शामिल किया। उनका यह निर्णय कांग्रेस पर वंशवाद का आरोप लगाने वालों के लिए करारा जवाब था। जिला प्रवक्ता सुनील ष्ण गौतम ने कहा यह श्रीमती गांधी का राजनीतिक कौशल ही था की विपरीत परिस्थितियों में कांग्रेस ने श्रीमती गांधी के नेतृत्व में 10 वर्षों तक यूपीए की सरकार निर्बाध और अविवादित रूप से चलाई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से एआईसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्र, पूर्व विधायक माधव प्रसाद, प्रवीण श्रीवास्तव, सेवा दल के पूर्व नगर अध्यक्ष फ्लावर नकवी, उमेश उपाध्याय, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मो० आमिर, कबिंद्र साहनी,मोहम्मदआरिफ, धीरेन्द्र सिंह बब्लू, रोहित यादव आदि उपस्थित रहे।

## आदर्श और देश भक्त महिला हैं सोनिया गांधी : दयानन्द



**स्वतंत्र चेतना, बाबा बाजार/भेलसर।** कांग्रेस पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्म दिवस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा बाबा बाजार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एआईसीसी सदस्य दयानन्द शुक्ला ने कहा कि सोनिया गांधी आदर्श और देशभक्त महिला हैं ।उन्होंने कहा कि गीता पुराण और इतिहास में भारतीय नारियों का त्याग,बलिदान तथा संघर्ष का उल्लेख देखने को मिलता है ।उसी प्रकार सोनिया गांधी ने जो त्याग और बलिदान और संघर्ष किया है उससे लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए। दयानन्द शुक्ला ने कहा कि आज जो गांव के गरीबों को फ्री राशन मिलता है इसका सबसे ज्यादा श्रेय सोनिया गांधी जी को जाता है ।क्योंकि उन्हीं के अथक प्रयास के चलते ही कांग्रेस पार्टी की सरकार ने 2013 में संसद में काफी लंबी चर्चा की बाद खाद्य सुरक्षा बिल को संसद में पास कराकर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम बना। इस अवसर पर जलील अहमद , राम कुमार, राम अशीष तिवारी, परमानंद शुक्ला, हरिकेश मौर्या, शिवकुमार मौर्या,राम कृष्ण शुक्ला, दिनेश तिवारी, दिलीप शुक्ला, डा0 अमीर अली, रिजवान अहमद आदि लोग शामिल थे।

## जाम की समस्या से नगरवासी परेशान




**स्वतंत्र चेतना, गोसाईगंज।** स्थानीय नगर गोसाईगंज बाजार के जाम की समस्या जस की तस बनी हुई है। जिले के आला अधिकारियों से इसकी शिकायत के बाद भी जाम से छुटकारा नही मिल रहा है।

वही दूसरी तरफ गोसाईगंज के बाहर से बन रहा बाईपास के निर्माण में भी निर्माण एजेसी द्वारा हीलाहवाली बरती जा रही है, जिसका खमियाजा स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ रहा है। अगर समय से बाईपास बन जाये तो नगर के लोंगों को जाम की समस्या से राहत मिल जाती। वही नगर पंचायत द्वारा टैक्सी स्टैंड का ठेका दे दिया जाता है पर नगर में कही टैक्सी स्टैंड बना नहीं है। इस वजह से सवारी वाहन नगर की सड़क पर सवारी बैठने में मशगूल रहते है, जिससे जाम की समस्या बनी रहती है। इसके आलवा पुलिस प्रशासन द्वारा भी तिराहे पर ट्रैफिक पुलिस की कोई व्यवस्था नहीं दिखाई पड़ती है। और न ही कोतवाली गोसाईगंज भी तिराहे पर लगने वाले जाम से मतलब रखती है। यही हाल पश्चिम रेलवे क्रसिंग का है जहां पर सुबह से स्कूल जाने वाले बच्चे आते जाते हैं। क्रसिंग बंद होने के बाद लोगों को घंटो लग जाता है जाम से निकलने में बच्चों को स्कूल पहुंचने में भी देरी हो जाती है, क्रसिंग के पास भी कोई भी सिपाही तैनात नहीं रहता है।

# संक्षिप्त समाचार

## सपा प्रदेशाध्यक्ष का सपाईयों ने किया स्वागत



**स्वतंत्र चेतना, भेलसर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश श्यामलाल पाल का लखनऊसे गोण्डा जाते समय युवजन सभा जिला अध्यक्ष जयसिंह यादव तथा लोहिया वाहिनी के जिला महासचिव अमरनाथ यादव के संयुक्त नेतृत्व में कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों के साथ भेलसर चौराहा के निकट नवीन मंडी के निकट माल्यार्पण व बुके देकर भव्य स्वागत किया।प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा की वर्तमान में भाजपाई सरकार से निपटने के लिये समाजवादी के कार्यकर्त्ता सड़को पर उतर चुके है आने वाले 2027 का चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को उखाड़ फेकने का काम सपा के कार्यकर्ताओ व पदाधिकारियों द्वारा किया जायेगा। उन्होंने विधानसभा उपचुनाव को लेकर कहा कि अभी जो चुनाव हुए है वह पुलिस के बल पर लाठी डंडे के बल पर हुआ है। यदि तेरह तारीख को उपचुनाव हुआ होता तो भाजपा का खाता भी नहीं खुलता। मिल्कीपुर का चुनाव मजबूती के साथ लड़ेंगे और जीतेंगे। इस अवसर पर अब्बुबकर, बाबा फरीद, ललई यादव, अबसार अहमद,दानिश, ईश्वर लाल वर्मा, प्रमोद यादव, चौधरी अजीमुद्दीन एडवोकेट, ज्वाला रावत, समरपाल यादव, राजकुमार यादव,सहित समस्त कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष का हुआ स्वागत



**स्वतंत्र चेतना, अयोध्या।** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष का अयोध्या में स्वागत किया गया। प्रांतीय मंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ से राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बनने के बाद उमा शंकर सिंह का पहली बार अयोध्या आगमन पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने स्वागत किया। इस मौके पर प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह, जिलाध्यक्ष डाक्टर संजय सिंह, जिलामंत्री प्रेम वर्मा, कोषाध्यक्ष दंगल सिंह के साथ प्रत्येक ब्लाक के पदाधिकारियों व शिक्षकों ने स्टेशन पहुंच कर उनका माल्यार्पण करते हुए बधाई दिया। इस अवसर पर राम जी सिंह, विकास सिंह, राज नारायण सिंह, गजेंद्र सिंह, अजय सिंह, अवधेश यादव, बसंत वर्मा, गजेन्द्र सिंह, मनोज पांडे, अमित पांडे, मंजेश मौर्य, प्रदीप सिंह,उमा शंकर, सौरभ तिवारी, नवनीत पांडे, पंकज आर्या, अमिताभ सिंह, चंद्र शेखर सिंह, राजेश कुमार, रंजित यादव, आलोक सिंह आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## .12 को होगा जलेस का जिला सम्मेलन



**स्वतंत्र चेतना, अयोध्या।** जनवादी लेखक संघ, फैजाबाद अयोध्या की मासिक गोष्ठी ऐतिहासिक गुलाबबाड़ी उद्यान, फैजाबाद में रविवार को संपन्न हुई। बैठक में डा विशाल श्रीवास्तव ने सभी सदस्यों को इस बीच जनवादी लेखक संघ की राज्य परिषद और केंद्रीय परिषद की सम्पन्न हुई बैठकों और जनवादी लेखक संघ, उत्तर प्रदेश के कवियों के साझा संकलन 'जनरव' के लोकार्पण की गतिविधियों से अवगत कराया। बैठक के मुख्य एजेंडे के रूप में जनपद इकाई के जिला सम्मेलन के बारे में विचार किया गया और सर्वसम्मति से यह तय किया गया कि 12 जनवरी को जिला सम्मेलन दो सत्रों में आयोजित किया जाएगा, जिसमें एक वैचारिक खुला सत्र और एक सांगठनिक सत्र होगा। इसमें पर्यवेक्षक के रूप में जलेस, उत्तर प्रदेश के सचिव प्रो नलिन रंजन सिंह उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर जनवादी लेखक संघ, उत्तर प्रदेश के कवियों के साझा संकलन 'जनरव' में शामिल कवियों राजीव श्रीवास्तव और पूजा श्रीवास्तव को उनकी प्रति देकर सम्मानित भी किया गया। गोष्ठी के अंत में रचना पाठ का कार्यक्रम हुआ। गोष्ठी में ड नीरज सिन्हा 'नीर', मुजम्मिल फिदा, इल्तिफात माहिर, मो. जफर, विनीता कुशवाहा, अनिल अग्रवाल, आरएन कबीर, सत्यभान सिंह, ओमप्रकाश राय, दीपक, महावीर सहित संगठन के सदस्य मौजूद रहे।

## संसार के कार्य के साथ भजन करना चाहिए : आचार्य सुरेंद्र



**स्वतंत्र चेतना, रुदौली।** मवई ब्लाक के गायत्रीनगर में जय प्रकाश मिश्र के यहां आयोजित श्रीमद्भागवत कथा तीसरे दिन सृष्टि वर्णन करते हुए कथा व्यास आचार्य सुरेंद्र महाराज ने सामाजिक संबंधों के विषय में प्रकाश डालते हुए देवहूति कर्दम ऋषि के विवाह के प्रसंग को बताया। समाज की व्यवस्था को देखते हुए भगवत प्रवक्ता ने श्रद्धालुओं को निर्देश देते हुए कहा कि अपने कन्या का विवाह साधन व साधना दोनों से संपन्न वर के साथ में ही संपन्न करें तभी उनका दांपत्य जीवन व भविष्य उज्जवल हो सकता है ।आगे कथा प्रवर ने मानव जीवन जीने के लिए बहुत ही सरल मार्ग बताते हुए कहा कि संसार के कार्य से जब हमें विश्राम मिलेगा तब हम भजन करेंगे। संसार के कार्य को करते हुए भगवान के नाम को जाप कर ही भजन किया जाए। यह उत्तम है इस विषय को मानस की चौपाई से सिद्ध करते हुए महाराज जी ने बताया कर से कर्म करहु विधि नाना, मन राखहु जहां पा निधाना। कहा कि ब्रह्मा जी के दाहिने भाग से मनु जी एवं वाम भाग से सतरूपा जी का प्रादुर्भाव हुआ और इन्हीं दोनों से ही जगत में मनुष्य की उत्पत्ति हुई तभी से हम लोग मानव कहलाए। कथा के मध्य में सनातन धर्म पर प्रकाश डालते हुए व्यास जी ने कहा कि सनातन धर्म कोई मजहब नहीं है कोई पंथ नहीं है। सनातन धर्म ही भगवान का विग्रह है शास्त्रों में भगवान को सनातन नाम से पुकारा गया है। इसलिए सनातन धर्म विश्वव्यापी है इसे कभी मिटाया नहीं जा सकता ।सनातन में समस्त जीवों की कल्याण की भावना है सबका आदर व सम्मान है। सनातन की रक्षा सड़कों पर आकर नहीं हो सकती। हृदय में जब तक सनातन के प्रति प्रत्येक भारतवासी निष्काम भाव से एक होकर रहेंगे तभी सनातन की अलख जागाई जा सकती है। इस अवसर पर मवई ब्लक प्रमुख राजीव तिवारी, प्रधानाचार्य डा0 रविशंकर शुक्ला, प्रो0 डा0 सियाराम, प्रो0 अजय मिश्र, बृजेश मिश्र, राजेन्द्र पांडेय, शिवानंद मिश्र, रामनरेश गुप्त, विवेक वर्मा, आदित्य तिवारी, अमरनाथ गुप्त, अवधेश, रमापति गुप्त, श्यामजी, नेमचंद गुप्त, सुधीर सोनी, अनूप मिश्रा, अर्पित मिश्र आदि लोगों ने कथा का रसपान किया।

## सीएमओ सभागार मे प्रशिक्षण सम्पन्न



**स्वतंत्र** चेतना, अयोध्या। सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर मे स्थित सभागार मे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 संजय जैन की अध्यक्षता में आईडीएसपी कार्यक्रम का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 संजय जैन ने बारीकी से प्रशिक्षण की विधिवत जानकारी दी। इस मौके पर प्रशिक्षक के रूप में डीएसओ ड बीपी त्रिपाठी, डा अरविंद श्रीवास्तव, डीएमओ मंजुला आनंद, डीपीएम राम प्रकाश, कंट्रोल टीम, डाटा मैनेजर, एंट्री अपरेटर आदि उपस्थित रहे।

## जल्द होगा धनराशि का हस्तान्तरण : अजय कुमार

**स्वतंत्र चेतना, अयोध्या।** जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आँगनबाड़ी केन्द्रों पर 03-06 वर्ष आयु वर्ग के पंजीत सभी बच्चों को प्राथमिक विद्यालय में संचालित डक्ड की ही तरह गरम भोजन की व्यवस्था हेतु शासन/निदेशालय, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग उ0प्र0 द्वारा धनराशि निर्गत कर दी गयी है, जिसका दो माह का आहरण माह नवम्बर व दिसम्बर का प्रस्ताव मुख्य विकास अधिकारी/जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। यह धनराशि शीघ्र ही ग्राम प्रधान एवं अ0बा0 कार्यकत्री के संयुक्त खाते में ग्रामीण क्षेत्र में तथा पार्षद/सभासद तथा औ0बा0 कार्यकत्री के संयुक्त खाते में, शहरी क्षेत्र में हस्तान्तरित कर दी जायेगी। सभी पंजीत बच्चों को गरम भोजन की निरन्तरता में कोई व्यवधान न आवे। इसे सुनिश्चित करें कि गरम भोजन की व्यवस्था सभी पंजीत 03-06 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को निर्वाध रूप से उपलब्ध होता रहे तथा इसकी फीडिंग पोषण ट्रैकर पर भी नियमानुसार प्रतिदिन सुनिश्चित कराए। सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी व सभी मुख्य सेविकाएं अपने क्षेत्र भ्रमण में तथा केन्द्र के निरीक्षण में हट कुक्ड मील की निरन्तरताध्उपलब्धता की मानीटरिंग भी सुनिश्चित करें तथा पाई गई कमियों को दूर करें।

## सपा कार्यालय पर महानगर कमेटी की बैठक संपन्न




स्वतंत्र चेतना, अयोध्या। सपा कार्यालय पर मासिक महानगर अध्यक्ष श्याम ष्ण श्रीवास्तव की अध्यक्षता व महासचिव हामीद जफर मीसम के संचालन में सम्पन्न हुई। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष श्याम ष्ण श्रीवास्तव ने कहा ने आज लोग भारतीय जनता पार्टी से बहुत परेशान है लेकिन इसके लिए हमको बूथ स्तर पर काम करना होगा और हर बूथ पर अपने एजेंट को मजबूत करना और वही एजेंट अपने क्षेत्र में दलित पिछड़े और अन्य समाज के लोगों को जोड़कर पार्टी को मजबूत करेंगे, जिससे हमारे वोट बड़े और 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बने। महानगर महासचिव हामीद जाफर मिसम ने कहा पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में हर वर्ग के लोगों को जोड़कर खासकर दलित और पिछड़े समाज के साथ मिलकर उनको अपने साथ जोड़ने का काम करें। बैठक में प्रदेश सचिव रामअचल यादव, उपाध्यक्ष संजय सिंह,रियाज अहमद राकेश पाण्डेय, सूरज वर्मा , सचिव जगन्नाथ यादव, वीरेंद्र गौतम, मो समीम, महिला महानगर अध्यक्ष अपर्णा जायसवाल, बृजेश चौहान पार्षद महेंद्र शुक्ला, लूलरयादव,अजय यादव,सिकंदर चौधरी, सुरेंद्र यादव शिव शंकर शिवा ,इश्तियाक खान राजबली यादव, अभय द्विवेदी, शाहबाज लकी आदि लोग मौजूद रहे !

# धार्मिक छटा से सराबोर रहा मां ज्वाला महोत्सव



**स्वतंत्र चेतना, सोहावल।** क्षेत्र की प्रतिष्ठित शक्तिपीठ मां ज्वाला मंदिर खिरौनी पर आयोजित तीन दिवसीय मां ज्वाला महोत्सव का समापन रविवार को हो गया। महोत्सव में सियासी नेताओं के साथ धार्मिक संत महात्माओं ने हिस्सा लिया। पहली बार आयोजित हुए इस महोत्सव में सामाजिक धार्मिक और सांस्तिक कार्यक्रमों की झलक देखने को मिली, जिसमें पर्यटन विभाग से जुड़े कुछ कलाकारो ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। शुक्रवार को शुभारंभ हुए महोत्सव के मुख्य अतिथि विधायक अमित सिंह चौहान ने महोत्सव को लेकर अपनी शुभकामनाएं भेंट किया और इस बात पर बल दिया कि ऐसे महोत्सव और कार्यक्रम देश और समाज के लिए जरूरी है। सनातन धर्म और हिंदुत्व को लेकर चल रहे षड्यंत्र का जवाब ऐसे कार्यक्रमों से ही दिया जा सकता है। महोत्सव का दूसरा दिन कवि सम्मेलन और बच्चों से जुड़ी कुछ प्रतियोगिताओं के नाम रहा तो समापन के दिन सांस्तिक कार्यक्रमों की झड़ी लग गई। भारत माता की आरती फरवाही नृत्य और संत महात्माओं की वाणी से निकली कथा में श्रोताओं ने जमकर डुबकी लगाई। समापन अवसर पर पहुंचे महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा धार्मिक मंदिर के परिसर से धर्म कर्म की जो शिक्षा निकलती है उस्का समाज अध्ययन करता है और इसका गहरा प्रभाव पड़ता है। कथा से काफी कुछ सीखने को मिलता है जिसके अनुसरण से मानव मात्र को सन्मार्ग का मार्ग प्रशस्त होता है। महोत्सव में श्रीपदानुपद राधाष्णन टीम माता प्रसाद यादव, प्रति यादव, भजन सम्राट धर्मेंद्र पंडित आदि के संयोजन में प्रस्तुत कार्यक्रमों की 0 सराहना हुई। पांच विभूतियों को उनके सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया, जिसमें रितेश सिंह, अंकित मिश्रा ,राजेश कुमार, सत्य प्रकाश मिश्रा, बृजमोहन तिवारी शामिल रहे। इस अवसर पर मां ज्वाला फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रवीण कुमार, धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्ल, सतनाम सिंह, अशोक सिंह, संजीव सिंह आदि की

## किसानों ने एसडीएम सोहावल को सौंपा सात सूत्रीय ज्ञापन



**स्वतंत्र चेतना, सोहावल।** सोमवार सोहावल तहसील प्रांगण में किसानो समस्याओं को लेकर एक पंचायत की गई। वही सात सूत्रीय ज्ञापन एसडीम अशोक कुमार सैनी को सौपा गया। पंचायत में एसडीएम सोहावल से वार्तालाप कर प्रदेश सचिव फरीद अहमद ने कहा कि सोहावल क्षेत्र में षि केंद्र पर डीएपी खाद्य व बीज उपलब्ध न होने से क्षेत्र के किसान काफी परेशान हैं। किसानो को मजबूरन प्राइवेट दुकानों पर ज्यादा दामों पर खाद बीज लेना पड़ रहा है। शीघ्र खाद बीज उपलब्ध कराया जाए, क्षेत्र में प्राइवेट षि केंद्रों पर गेहूं खाद बीज दवा का रेट लिस्ट लिखवाया जाए, शारदा नहर में पानी न आने से रवि की बुवाई और तिलहन की सिंचाई लेट हो गई है। उन्होंने नहर में शीघ्र पानी चालू कराए जाने क्षेत्र में घूम रहे आवारा पशु हिंसक सांडों को पकड़वाने जाने की मांग की। पंचायत की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष राजू निषाद ने किया। पंचायत में प्रमुख रूप से राम कुमारी, सविता मौर्या, आसमा निशा, राम अभिलाष यादव, जवाहरलाल तिवारी, प्रधान राजकुमार, जगदंबा प्रसाद वर्मा, दादा मंगरु राम, काशीराम, लालमति, लाजवती, चिंता देवी, सिद्ध प्रकाश आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।